

# सकारात्मकता व अच्छे भाव से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक शक्ति : साध्वीश्री पावनप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं प्रेक्षा फाउंडेशन के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर द्वारा साध्वीश्री पावनप्रभाजी के सान्निध्य में 'प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति और शांति की ओर' के अंतर्गत 'मीडिएट टू बूस्ट योर इम्युनिटी' कार्यशाला का आयोजन किया गया। साध्वीश्री पावनप्रभाजी ने सर्वप्रथम 9 भावना का उच्चारण करवाया और कहा कि आत्मा को अगर देखना है तो पहले श्वास को देखना होगा और श्वास पर ध्यान देने से आनंद की अनुभूति होगी। जिस प्रकार मक्खन को तपाने से घी निकलता है उसी प्रकार शरीर को तपाना होगा, मन को जमाना पड़ेगा तभी शांति मिलेगी। जितना हम सकारात्मक रहेंगे, भाव अच्छे रखेंगे तो रोग प्रतिरोधक शक्ति भी अच्छी रहेगी।

साध्वीश्री उन्नतयशाजी ने कहा कि संसार में शांति के साथ शक्ति भी अनिवार्य है। सब शक्तियों में प्राण शक्ति श्रेष्ठ है। प्राण शक्ति नहीं तो कुछ भी नहीं ।

डॉ मनीषा चोपड़ा ने कहा कि महाप्राण की ध्वनि से होने वाले प्रकंपन से कोशिकाएं मजबूत होती हैं। रोग प्रतिरोधक शक्ति दो प्रकार की है..नैसर्गिक और बाहर से प्राप्त। नैसर्गिक यानी बीटा सेल जो एंटीबॉडीज तैयार करती है और बाहरी यानी टी सेल जो संक्रमण होने पर वह सक्रिय होकर लड़ता है। इम्युनिटी को हम संतुलित आहार, योगासन, ध्यान, ब्रिस्क वॉक, महाप्राण ध्वनि, नींद पूरी कर व तनावरहित रहकर बढ़ा सकते हैं। इस कार्यशाला में मंडल की अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल, मंत्री ज्योति संचेती, उपाध्यक्ष लता गादिया, कोषाध्यक्ष किरण गिलुंडिया, संगठन मंत्री पवन संचेती, राष्ट्रीय परामर्शिका लता जैन, प्रेक्षा प्रशिक्षिका उर्मिला सुराणा, प्रेक्षा प्रशिक्षक बजरंग जैन. सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली, मंत्री विनोद छाजेड़, महासभा के आंचलिक प्रभारी प्रकाश लोढ़ा आदि की उपस्थिति रहीं।



# बेलन्दूर में धूमधाम से मनाया गया भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का ब्रह्मरथोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बेलन्दूर स्थित वेंकटेश्वर भगवान स्वामी मंदिर में चैत्र शुक्ला एकादशी से बेलन्दूर जात्रे एवं रथोत्सव का शुभारंभ हुआ।

मंगलवार को वेंकटेश्वर भगवान का ब्रह्म रथोत्सव आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रंग-बिरंगी रोशनी, भगवा ध्वज एवं पताकाओं से सजे रथ में विराजमान भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा की विशेष पूजा कर उत्सव प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा गोविंदा के जयघोष के साथ मुख्य बाजार तक रथ को खींचकर लाया गया जहां सभी ने प्रभु दर्शन किए। रथोत्सव में बेलन्दूर मारवाड़ी व्यापार संघ ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान की पूजा-अर्चना के साथ दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस महोत्सव में क्षेत्र के करीब इक्कीस मंदिरों में विराजित देवताओं की पालकी निकाली गई। पूरे क्षेत्र में मेले का सा माहौल रहा। सड़कों को विभिन्न प्रकार के दुकानें लगी हुई थी।

# अमेरिकी शुल्क के बीच भारत की घरेलू मांग प्रमुख आकर्षण का केंद्रः सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लंदन/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क के बीच भारत की घरेलू मांग प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू मांग की मजबूती भारत को वृद्धि का इंजन बनाये रखेगी।

सीतारमण ने लंदन में भारतीय उद्योग में '2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के भारत के प्रयास के लिए अवसर और चुनौतियां' विषय पर एक संवाद में कहा कि अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों से निपट रही है और घरेलू दक्षता तथा प्रतिस्पर्धी क्षमता का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, ''दुनिया ने पिछले कई वर्षों से वृद्धि में नरमी देखी है। पहले, लंबे समय तक कम ब्याज की स्थिति थी और अब यह लंबे समय तक कम वृद्धि की स्थिति होने जा रही है और यह किसी के लिए भी खुशखबरी नहीं है।''

सीतारमण ने कहा, ''भारत ने पिछले पांच साल से लगातार अपनी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है और हमें लगता है कि यह गति थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन फिर भी भारत ही उस वृद्धि को बनाए रखेगा... क्योंकि हमारी वृद्धि घरेलू स्तर पर मौजूद खपत के कारण संतुलित है। यह वैश्विक मानक वाले उत्पादों की मांग द्वारा समर्थित है और यही कारण है कि 1990 के दशक से वैश्वीकरण ने भारत को कई अवसर दिये हैं।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिका, भारत का प्रमुख व्यापार भागीदार है। इसलिए, ऐसे समय में जब व्यापार शुल्क से व्यापार प्रभावित होने जा रहा है, हमें अभी भी यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में घरेलू मांग में जो ताकत है, वह वैश्विक आपूर्ति को आकर्षित करने वाले एक बड़े केंद्र के रूप में बनी रहे और उसे बढ़ावा मिले।''

वित्त मंत्री ने कहा कि इस मांग की ताकत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण के लिए आकर्षक साबित होगी, जो घरेलू बाजार के लिए आपूर्ति करेगी और भारत से निर्यात भी करेगी। उन्होंने कहा, ''हमें लगता है कि भारत और कुछ उभरते बाजार वृद्धि के इंजन बनने जा रहे हैं। वैश्विक वृद्धि में जो सुस्ती है, उसमें अगर तेजी आती है, तो वह इन इंजन की वजह से ही होगी।''



# जीवन का श्रृंगार है तप आराधना : पन्यांस जयभानु

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के शांतिनगर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर प्रांगण में पहली बार आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी के शिष्य पन्यासश्री जयभानुशेखरविजयजी की निश्रा में चैत्र मास की ओली आराधना गतिमान है। इस बार ओली आराधना में 15 वर्ष की आयु से कम के बच्चे तपस्या कर रहे हैं और कुल मिलाकर 80 तपस्वी आयंबिल तप



की आराधना कर रहे हैं। इस मौके पर तपस्वियों को संबोधित करते हुए पन्यासश्री ने कहा कि तप से आत्मा निर्मल और शुद्ध होती है। तप हमारी सोच को निर्मल बनाता है। तप जीवन का श्रृंगार है। प्रभु प्राप्ति के लिए तप करना सबसे आसान उपाय है। तप प्रभु से निकटता बढ़ाता है। तप है तो जीवन है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे

# भाजपा, जदएस के बीच मतभेद का कोई सवाल नहीं, गठबंधन को कोई खतरा नहीं : कुमारस्वामी

**मंड्या।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल एस (जदएस) के बीच मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि गठबंधन को कोई खतरा नहीं है। जदएस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने दोनों दलों के नेताओं द्वारा समन्वय समिति स्थापित करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के राज्यव्यापी अभियान से उनकी पार्टी की अनुपस्थिति को अधिक तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान भाजपा की पहल है, जिसका उद्देश्य अपने संगठन को मजबूत करना है।

कुमारस्वामी ने कहा, दोनों दलों के कई वरिष्ठ नेता चाहते हैं कि समन्वय समिति बनाई जाए, लेकिन गठबंधन को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, गठबंधन में कोई दरार नहीं है। हम सुरक्षित और मजबूत हैं। दोनों पार्टियां फिलहाल अपने-अपने संगठनों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। यह पूछे जाने पर कि वह या जदएस का कोई भी नेता भाजपा की 'जनआक्रोश यात्रा' का हिस्सा क्यों नहीं थे, कुमारस्वामी ने कहा, यह भाजपा का अभियान है, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना भी है। हमें इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।

## रेणुकास्वामी हत्याकांड

# अदालत ने सुनवाई में शामिल न होने पर कन्नड़ अभिनेता दर्शन को लगाई फटकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु की दीवानी एवं सत्र अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में सोमवार को निर्धारित सुनवाई के दौरान पेश नहीं होने के लिए कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कड़ी फटकार लगाई।

दर्शन के वकील ने सूचित किया कि अभिनेता गंभीर पीठ दर्द के कारण उपस्थित नहीं हो सकते जिसके बाद न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त की। पीठासीन न्यायाधीश ने दोहराया कि मामले में सभी आरोपियों के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है और इस दलील को खारिज कर दिया कि चर्चित व्यक्ति वैध कानूनी औचित्य के बिना छूट मांग सकते हैं। न्यायालय ने चेतावनी दी कि इस तरह की अनुपस्थिति बार बार नहीं होनी चाहिए, खासकर सुनवाई के इस चरण में।

दर्शन के वकीलों ने मामले की सुनवाई के दौरान जांच के सिलसिले में अभिनेता के आवास पर छापेमारी के दौरान जब्त की गई 75 लाख रुपये की नकदी को भी वापस करने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा कि मामले पर फैसला लेने से पहले आयकर विभाग का जवाब सुना जाएगा और अगली सुनवाई 20 मई के लिए निर्धारित कर दी गई।

बचाव पक्ष ने भी जांच के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन को वापस करने का अनुरोध करते हुए एक अलग अर्जी दायर की। सह-आरोपी पवित्रा गौड़ा सहित कई अन्य लोग अदालत में मौजूद थे। पवित्रा कथित तौर पर अपने भाई के साथ आईं थीं।

जमानत की शर्तों के अनुसार, सभी आरोपियों को महीने में एक बार अदालत में पेश होना है। यह मामला चित्रदुर्ग निवासी 33 वर्षीय रेणुकास्वामी की मौत से जुड़ा है, जिसका शव जून 2024 को बेंगलूरु में एक नाले के पास मिला था। प्रारंभिक जांच से पता चला था कि दर्शन और अन्य लोगों के निर्देश पर काम करने वाले लोगों के एक समूह ने रेणुकास्वामी का अपहरण कर उसकी पिटाई की थी और कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। ऐसा आरोप है कि रेणुकास्वामी ने अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे जिसके चलते हमला किया गया।



# नवपद की आराधना शाश्वत सुख प्रदान करने वाली है : आचार्य पार्श्वचन्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बेंगलूरु सेंट्रल के तत्वावधान में महावीर धर्मशाला में आचार्य पार्श्वचंद्रजी, डॉ पदमचंद्रजी के सान्निध्य में गतिमान आयंबिल ओली तप आराधना में आचार्य पार्श्वचन्द्रजी ने कहा कि धरती में बोया बीज शायद अंकुरित हो या ना हो, लेकिन धर्म का बीज सदैव फलित होता है। नवपद की आराधना शाश्वत सुख प्रदान करने वाली है। श्रीपाल चरित्र के अन्तर्गत बताया कि शीलवती नारी मैनासुन्दरी ने नवपद की शरण लेकर श्रीपाल और 500 कुष्ट रोगियों को स्वस्थ कर दिया। यह है धर्म का प्रत्यक्ष चमत्कार् है।

जयधुरंधरमुनिजी ने कहा कि जिसने भी धर्म को जीया है और धर्म के अमृत को पीया है वह मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। धर्म के मार्ग पर रंच मात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए क्योंकि एक शंका भी हमें सम्यक्त्व से दूर ले जा सकती है। जयपुरन्दरमुनिजी ने कहा कि संसार में भगवान ही शरण देने वाले है इसलिए भगवान की विशेषता है शरणदयाणं्।अशरण भावना का विवेचन करते हुए बताया कि संसार में दुख के समय माता, पिता, बन्धु, मित्र, धन, कोई भी शरण देने में समर्थ नहीं है। उस समय जीव के लिए, चार शरण ही शरणभूत है। बेंगलूरु सेन्ट्रल संघ के मंत्री महेंद्र मुणोत (केजीएफ) ने सभा का संचालन किया। प्रवचन के अंत में आचार्य पार्श्वचन्द्र ने आयंबिल के प्रत्याख्यान करवाकर मांगलिक का श्रवण करवाया। जेके महावीरचंद चोरड़िया ने कहा कि आचार्य पार्श्वचन्द्रजी के सान्निध्य में महावीर धर्मशाला में बुधवार को प्रातः विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर सामूहिक जाप का कार्यक्रम होगा।



## कांग्रेस का संकल्पः

# सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष में 'हमारे सरदार' के सिद्धांतों का अनुसरण होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत पर अपने दावे को मजबूती से रखा और कहा कि वह ''हमारे सरदार'' (वल्लभ भाई पटेल) के सिद्धातों का अनुसरण करते हुए सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने को तैयार है।

देश के मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के रिश्तों को लेकर झूठ फैलाया है, जबकि दोनों के बीच ''अनोखी जुगलबंदी'' थी तथा दोनों नेताओं ने महात्मा गांधी की अगुवाई में साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी तथा राष्ट्र का निर्माण किया। कांग्रेस की यहां 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' पर आयोजित विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पूर्व उप प्रधानमंत्री की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव का शीर्षक ''आजादी के झंडाबरदार - हमारे सरदार - वल्लभभाई पटेल'' है। प्रस्ताव में कहा गया है, ''आज की भाजपा सरकार अंग्रेजों की तरह किसानों की भूमि के उचित मुआवज़ा कानून को खत्म करने का अध्यादेश लाती है, कृषि के तीन क्रूर काले कानून बनाती है, किसानों की राहों में कील और कांटे बिछाती है, किसानों की आय दोगुनी करने तथा एमएसपी गारंटी का वादा करके साफ मुकर जाती है। इसीलिए, एक बार फिर सरदार पटेल की राह पर कांग्रेस किसान के अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष को तैयार है।''

कांग्रेस ने कहा, ''सरदार पटेल के सशक्त नेतृत्व एवं पंडित नेहरू की दूरदर्शिता ने 560 से अधिक खंड-खंड रियासतों का एकीकरण कर लोकतांत्रिक गणराज्य की नींव रखी। आज की भाजपा सरकार फिर देश को क्षेत्रवाद, उत्तर बनाम दक्षिण व पूर्व बनाम पश्चिम विवाद तथा भाषाई और सांस्कृतिक बंटवारे के नाम पर खंडित करने की साजिश कर रही है। इसीलिए, एक बार फिर, सरदार पटेल के पथ पर चलकर कांग्रेस 'नफरत छोड़ो - भारत जोड़ो' की डगर पर बढ़ते जाने को तैयार है।'' प्रस्ताव में आरोप लगाया गया है कि भाजपा सरकार ने जहां तीन दशकों से गुजरात को लूटा, वहीं देश के खजाने का मुंह मुट्ठीभर दोस्तों की तरफ मोड़कर ''आर्थिक असमानता'' को गुलामी के स्तर तक पहुंचा दिया है।

# इनामी चार नक्सली समेत 22 ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कुल 26 लाख रुपए के इनामी चार नक्सलियों समेत 22 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चार इनामी नक्सलियों कमली हेमला उर्फ सोमे (32), मुया माड़वी उर्फ राजेश (19), सोनू तांती (28) और महेश पुनेम (20) समेत 22 उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली नक्सली कमली हेमला पीएजीए बटालियन नंबर एक की सदस्य है तथा उसके सर पर आठ लाख रुपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि नक्सली मुया माड़वी तेलंगाना स्टेट कमेटी के अंतर्गत पार्टी सदस्य है तथा उस पर भी आठ लाख रुपए का इनाम है।

# गृहमंत्री की टिप्पणी की आलोचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस सक्रिय

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर द्वारा बेंगलूरु में हाल में हुई छेड़छाड़ की घटना पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा होने के बाद बेंगलूरु पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। बेंगलूरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि घटना की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, सुद्दगुंटेपल्या में पिछले हफ्ते हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर तेजी से जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान व उसके ठिकाने की पुष्टि के लिए कई टीमों का गठन किया गया है और 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

आयुक्त ने बताया कि इस मामले की जांच दक्षिण-पूर्व बेंगलूरु के पुलिस उपायुक्त की निगरानी में हो रही है और पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। गृह मंत्री द्वारा गश्त और बीट सिस्टम पर की गई टिप्पणी को लेकर पूछे जाने पर आयुक्त ने कहा कि दिन और रात की बीट प्रणाली नियमित रूप से चल रही है और नाका बंदी की व्यवस्था भी लागू है। उन्होंने बताया, वरिष्ठ अधिकारी रात की बीट प्रणाली की निगरानी कर रहे हैं। इसके विश्लेषण के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग भी किया जा रहा है।

# केरल से लाए गए दो नक्सलियों की अदालत में पेशी

मंगलूरु। कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को दो कथित नक्सलियों को बेलथांगडी की अदालत में पेश किया। इन दोनों को नक्सली गतिविधियों से संबंधित तीन मामलों के संबंध में एक वारंट पर केरल की जेल से लाया गया था। श्रृंगेरी से आरोपी बी जी कृष्णमूर्ति और चिक्कमगलुरु जिले के कलासा से सावित्री को केरल पुलिस ने आठ नवंबर, 2021 को गिरफ्तार किया था और तब से वे त्रिशूर की जेल में बंद हैं।

पुलिस के अनुसार पश्चिमी घाट विशेष समिति के पूर्व सचिव कृष्णमूर्ति पर कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में 53 मामले दर्ज हैं, जबकि सावित्री पर 22 मामलों में जांच चल रही है। स्थानीय बेलथांगडी पुलिस ने अदालत से दोनों नक्सलियों को तीन स्थानीय आपराधिक मामलों के संबंध में पूछताछ के लिए दो दिनों की हिरासत में लिया है। इन मामलों में 2012-13 में वेणूर में वाहनों में आगजनी, धर्मस्थल में नक्सल समर्थक बैनर लगाना और मालवंतीगे गांव में विस्फोटक मिलने के मामले शामिल हैं। नक्सलियों की पेशी के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये थे।

# जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर विस्फोट, दो गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर सोमवार देर रात अज्ञात लोगों ने हथगोला फेंका, लेकिन घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि यह घटना राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की आईएसआई और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की साजिश थी।

पुलिस ने बताया कि कालिया के आवास पर फेंके गए हथगोले के विस्फोट में एल्युमीनियम की दीवार (पार्टिशन), कांच की खिड़कियां, उनकी एसयूवी और एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब कालिया घर में थे। पुलिस ने बाद में इस घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया और कहा कि यह पंजाब में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की साजिश थी।

विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने यहां मीडिया को बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। शुक्ला ने कहा कि पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा, ''यह पाकिस्तान की आईएसआई की एक बड़ी साजिश थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी जीशान अख्तर और (पाकिस्तानी गैंगस्टर)



शहजाद भट्टी ने साजिश रची थी।'' अधिकारियों ने आरोपियों के पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सरगना हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और गैंगस्टर हैप्पी पासिया के साथ संभावित संबंधों से भी इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि घटना से बीकेआई का संबंध होने की संभावना की भी जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि जालंधर में शास्त्री मार्केट के पास कालिया के आवास में देर रात करीब एक बजे ''तेज आवाज'' सुनी गई। पुलिस उपायुक्त मनप्रीत सिंह ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पंजाब पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या जीशान वही व्यक्ति है जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल था, शुक्ला ने कहा, ''हां, आप सही कह रहे हैं।'' उन्होंने किसी खुफिया विफलता से भी इनकार किया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के बाद जालंधर पुलिस आयुक्त कार्यालय की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने और साक्ष्य एकत्र किए। मामले में विवरण साझा करते हुए, पुलिस आयुक्त, जालंधर धनप्रीत कौर ने कहा कि पूरे आतंकी नेटवर्क का पता लगाने और सभी साजिशकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय में मामले की जांच की जा रही है।





# आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान में, क्यों न जनता मुख्यमंत्री को सबक सिखाए? : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

## जनाक्रोश यात्रा मंड्या होते हुए हासन पहुंची

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंडया। यहां जनाक्रोश यात्रा के दौरान कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए 20 महीने हो गए हैं। सरकार ने राज्य में 50 आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाने के लिए जनता को सिद्दरामय्या सरकार से सवाल उठाना चाहिए क्यों नहीं जनता सिद्दरामय्या को सबक सिखाये। भाजपा की जनाक्रोश यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को यहां एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने अहंकारी मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के इस बयान पर आपत्ति जताई कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को थप्पड़ मारा जाना चाहिए।

क्या जनविरोधी कांग्रेसियों को सिद्दरामय्या को थप्पड़ मारना चाहिए? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आए और गरीबों के लिए उज्ज्वला समेत अनेक जनहितैषी योजनाएं देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को थप्पड़ मारा जाना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वह मगरमच्छ के आंसू बहाकर और यह दावा करके सत्ता में आई थी कि हमारा पानी हमारा अधिकार है, लेकिन आपके वोट जीतकर वह अपने उस बयान को भूल गई है। कांग्रेस पार्टी जनहितैषी शासन देने का वादा करके सत्ता में आई थी। हालाँकि, उन्होंने शिकायत की कि कांग्रेसी यह सब भूल गए हैं। हमने सोचा था कि कांग्रेसी राज्य में राम राज्य बनाएंगे। हमने सोचा था कि दलितों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों को न्याय मिलेगा, वे विकास कार्य करेंगे, वे किसानों के आँसू पोंछेंगे; हालाँकि, उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया और आलोचना के शिकार बन रहे हैं। अहिंदा नाम का दावा करके वोट हासिल करने वाले मुख्यमंत्री बने सिद्दरामय्या सभी पिछड़े समुदायों को भूल गए हैं। उन्होंने उन पर अल्पसंख्यकों और मुसलमानों के पक्ष में नारे लगाने तथा राज्य के सभी पिछड़े समुदायों को पूरी तरह से भूल जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो जनता के हितों को भूल गई है।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा, विपक्ष के नेता आर. अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालवडी नारायणस्वामी, पूर्व उपमुख्यमंत्री गोविंदा करजोला, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. सी. एन. अश्वत्थनारायण, विधान परिषद में विपक्ष के मुख्य सचेतक एन. रविकुमार, पूर्व सांसद सुमनलता अंबरीश, पूर्व मंत्री नारायण गौड़ा, विधान परिषद सदस्य सीटी रवि, पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु, मंडया जिला अध्यक्ष डॉ. इंद्रेश, नेता अशोक जयराम, सदोलालु स्वामी, इंदवालु सचिदानंद, डॉ. सिद्दरामय्या जैसे कई वरिष्ठ नेता और पार्टी नेता शामिल हुए।

शाम को यह रैली हासन स्थित पुराने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से शुरू हुई। बाद में एनआर सर्किल होते हुए महावीर सर्किल के पास आम विरोध सभा आयोजित की गई। विजयेंद्र ने विश्लेषण किया कि, वरुणदेव ने भी इस जनाक्रोश यात्रा को आशीर्वाद देकर भाजपा की जीत का वादा किया है। जनाक्रोश यात्रा मैसूर और मंडया होते हुए मंगलवार को हासन पहुंच गई है, जो जनविरोधी, गरीब विरोधी, किसान विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है।

# छेड़छाड़ की घटना पर टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरे गृहमंत्री ने खेद जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बेंगलूरु में हाल ही में हुई छेड़छाड़ की घटना पर टिप्पणी के कारण विवादों में घिरे कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि उनके बयान को ठीक से नहीं समझा गया और उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। परमेश्वर ने यह भी कहा कि अगर इससे किसी को, खासकर महिलाओं को तकलीफ पहुंची है तो वह खेद व्यक्त करते हैं। परमेश्वर ने कहा कि वह महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करने के महत्व में विश्वास करते हैं और गृह मंत्री के रूप में वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस संबंध में उन्होंने कई कदम उठाए हैं।

सुद्दागुंटेपल्या में तीन अप्रैल को पैदल जा रही महिला से छेड़छाड़ की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने सोमवार को कहा था, ''पुलिस बारिश और ठंड का सामना करते हुए लगातार चौबीसों घंटे काम कर रही है और यही कारण है कि बेंगलूरु में शांति है। बेंगलूरु जैसे बड़े शहर में ऐसी घटनाएं यहां-वहां हो जाती हैं।'' इस बयान ने विवाद पैदा कर दिया था, जिसकी विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता की कड़ी आलोचना करते हुये उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिये कहा। आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर के निर्देश पर, आयोग ने हाल ही में बेंगलूरु में हुई छेड़छाड़ की घटना पर कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर द्वारा की गई असंवेदनशील टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। आयोग ने कहा, इस तरह के बयान महिलाओं के खिलाफ़ अपराधों को कमतर बनाते हैं। एनसीडब्ल्यू ने कर्नाटक के माननीय राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गृह मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। अपने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए परमेश्वर ने मंगलवार को कहा, कल मेरे बयान को आपने (मीडिया ने) ठीक से नहीं समझा है, और अन्य प्लेटफॉर्म ने भी इसे अलग तरह से लिया। मैं हमेशा महिलाओं की सुरक्षा का पक्षधर हूं।''

गृह मंत्री के तौर पर मैंने निर्भया योजना जैसी कई योजनाएं लागू की हैं। दूसरे राज्यों की तुलना में हमने निर्भया फंड पर ज़्यादा खर्च किया है और केंद्र सरकार के साथ मिलकर इसे लागू किया है। मैं किसी दिन यह साझा करूंगा कि हमने महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या किया है। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, किसी बयान को तोड़-मरोड़कर मेरे बारे में बोलना सही नहीं है। मैंने महिलाओं - हमारी बहनों और माताओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। अगर कोई मुद्दा (महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित) है, तो मैंने विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की है। इसलिए मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''मैं यह बात भाजपा के उन लोगों के लिए नहीं कह रहा हूं, जो राजनीति कर रहे हैं। अगर मेरे बयान से किसी को - हमारी बहनों, माताओं को - तकलीफ पहुंची है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। लेकिन इसे अलग-अलग तरीके से पेश करके अलग-अलग मंचों पर ले जाने की जरूरत नहीं है।'' गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस आयुक्तों की दैनिक ब्रीफिंग या पूरे राज्य से ब्रीफिंग के दौरान वे महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित ऐसे मामलों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, समीक्षा करते समय मैं नियमित रूप से पुलिस को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देता हूं, चाहे वह उत्पीड़न का मामला हो, पॉक्सो का मामला हो। इसलिए मेरी ओर से किसी तरह की लापरवाही या उदासीनता का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा, ''मैं महिलाओं और उनकी सुरक्षा के पक्ष में सभी सख्त कदम उठाऊंगा। यह सिर्फ बयानबाजी के लिए नहीं है।''



मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम में कांग्रेस पार्टी की डब्ल्यूसी की पूर्ण बैठक और एआईसीसी अधिवेशन के अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लेते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं केपीसीसी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार।

## महंगाई को लेकर शिवकुमार ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-

# केंद्र सरकार के खिलाफ निकालें जनआक्रोश यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीज़ल पर उत्पाद शुल्क और रसोई गैस की कीमतें बढ़ाने के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि राज्य की भाजपा इकाई को अपनी जनआक्रोश यात्रा केंद्र सरकार के खिलाफ ही निकालनी चाहिए। राज्य सरकार के खिलाफ कीमतों में बढ़ोतरी समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा ने सोमवार को 16 दिवसीय 'जनआक्रोश यात्रा' की शुरुआत की है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर मुस्लिमों को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने, महंगाई और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए निर्धारित उप-योजनाओं का धन गारंटी योजनाओं में लगाने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया है और जनआक्रोश यात्रा इसी सिलसिले में है।

शिवकुमार ने तंज कसते हुए कहा, नमस्कार मेरे भाजपा मित्रों, आप सभी जनआक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। लेकिन आपकी ही केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीज़ल और गैस के दाम बढ़ा दिए हैं। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, लेकिन अब आपको अपनी जनआक्रोश यात्रा केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जारी रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने भी सोमवार को भाजपा की इस यात्रा को नाटक करार देते हुए कहा, अब मैं जानना चाहता हूं कि राज्य के भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया क्या है।

उन्हें जनता को यह बताना चाहिए कि जब अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल की कीमतें गिर रही हैं, तब केंद्र सरकार लगातार पेट्रोलियम उत्पादों के दाम क्यों बढ़ा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, महंगाई का बोझ हमारे सिर मढ़ने की कोशिश कर रहे भाजपा नेताओं के चेहरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद स्याही पोत दी है।

सिद्दरामय्या ने कहा, जनआक्रोश यात्रा निकालने वाले भाजपा नेताओं के पास अब केवल दो ही विकल्प हैं, या तो वे प्रधानमंत्री पर दबाव बनाकर केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए दामों को घटवाएं या फिर अपनी यात्रा समेटकर घर लौट जाएं। यदि वे इस यात्रा का ढोंग जारी रखते हैं, तो जनता का आक्रोश झेलने के लिए तैयार रहें।

केंद्र सरकार ने सोमवार को रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की। साथ ही पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाया है। हालांकि, खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस निर्णय के विरोध में कर्नाटक की कांग्रेस इकाई ने बेंगलूरु के 'फ्रीडम पार्क' में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की योजना बनाई है। भाजपा राज्य सरकार पर दूध, डीज़ल, बिजली दर, बस और मेट्रो किराया बढ़ाकर आम जनता पर वित्तीय बोझ डालने का आरोप लगाती रही है।

## 'दपरे' ने स्क्रैप निपटान के जरिए 188.07 करोड़ रु. की कमाई की

हुब्बली। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान स्क्रैप निपटान के जरिए 188.07 करोड़ रुपए की कमाई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह रेलवे बोर्ड के 160 करोड़ रुपए के लक्ष्य से ज्यादा है। यह दपरे के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा स्क्रैप बिक्री है, जिसने वर्ष 2022-23 में स्थापित 180.52 करोड़ रुपए के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, दपरे ने एक बार फिर कुशल एसेट मैनेजमेंट और राजस्व वृद्धि में शानदार प्रदर्शन किया है।

सभी स्क्रैप को भारतीय रेलवे के ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल आईआरईपीएस.जीओवी.इन पर सार्वजनिक नीलामी में बेचा गया, जिससे पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उल्लेखनीय है कि दपरे ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से काफी पहले, 23 जनवरी तक रेलवे बोर्ड के लक्ष्य को हासिल कर लिया था। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक मामन सिंह के मार्गदर्शन में दपरे ने त्रैमासिक आधार पर गहन स्क्रैप-मैपिंग अभियान चलाया। इन प्रयासों से लगभग 19,745 मीट्रिक टन रेल और फिटिंग, 4 लोकोमोटिव, 38 वैगन, 56 पुराने कोच, 11,532 मीट्रिक टन अन्य लौह स्क्रैप और 1,500 मीट्रिक टन अलौह स्क्रैप की पहचान और निपटान किया गया।




## एनसीसी महानिदेशक ने कर्नाटक और गोवा निदेशालय का दौरा किया

# कैडेटों से 'कभी हार न मानने' का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने मंगलवार को कर्नाटक और गोवा एनसीसी निदेशालय का दो दिवसीय दौरा संपन्न किया। उन्होंने इस दौरान निदेशालय के प्रदर्शन की समीक्षा की और वर्ष 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पीएम ट्रॉफी जीतने की दिशा में किए गए प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने एनसीसी विस्तार, प्रभावी प्रशिक्षण और कैडेट गतिविधियों को बढ़ाने के लिए फंड उपयोग पर उप-महानिदेशक (डीडीजी), ग्रुप कमांडरों और निदेशालय मुख्यालय स्टाफ के साथ महत्त्वपूर्ण चर्चा की अध्यक्षता की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया।

ले. जनरल सिंह ने कैडेटों और एनसीसी स्टाफ के साथ बातचीत की और एनसीसी में भविष्य के विकास पर प्रकाश डाला तथा कैडेटों से 'कभी हार न मानने' का आह्वान किया। महानिदेशक ने कैडेटों को सशस्त्र बलों में शामिल होने और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनसीसी निदेशालय कर्नाटक और गोवा के कैडेटों और स्टाफ को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इस दौरे में कर्नाटक और केरल सब एरिया के जीओसी और मुख्यालय स्टाफ के साथ बातचीत भी शामिल थी।

## बंदीपुर बचाओ अभियान : पर्यावरणविदों ने बनाई मानव श्रृंखला

चामराजनगर। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात के समय वाहनों की आवाजाही पर लगे प्रतिबंध को हटाने की संभावना के खिलाफ मंगलवार की सुबह यहां कई पर्यावरणविदों ने मानव श्रृंखला बनाई। प्रदर्शनकारियों ने 'बंदीपुर बचाओ अभियान' शुरू किया और आरोप लगाया है कि पर्यावरण के लिहाज से इस संवेदनशील क्षेत्र में रात के समय वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध हटाने के केरल सरकार के अनुरोध पर कर्नाटक सरकार का रुख नरम है। प्रदर्शनकारियों ने चामराजनगर के जिला मुख्यालय शहर में भुवनेश्वरी चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाई।

उन्होंने मांग की कि बाघों, तेंदुओं और हाथियों सहित कई लुप्तप्राय प्रजातियों के प्राकृतिक आवास बांदीपुर जंगल में रात के समय वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध जारी रहना चाहिए।

## 'खाते में राशि पर रोक' संबंधी प्रसारण को एसबीआई ने खारिज किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों द्वारा उसके बारे में किए गए 'गलत प्रसारण' को खारिज किया है। उसके सहायक महाप्रबंधक (विपणन, संप्रेषण एवं सीएसआर) ने कहा कि बैंक द्वारा बिना ग्राहक की सहमति के उसके खाते में किसी भी राशि पर न तो रोक लगाई जाती और न ही कोई राशि नाम की जाती है, जब तक कि इस संबंध में सरकारी प्राधिकारियों, सक्षम न्यायालयों, सक्षम कर प्राधिकारियों से कोई विशेष आदेश न मिला हो। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें जनता की राशि हमेशा सुरक्षित रहती है।

इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड

आईपीजीएल नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | पद | संगठन का नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रबंधक (तकनीकी)- 1 पद | आईपीजीएल |

शैक्षिक योग्यता, आयु, पात्रता आदि के बारे में जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइटों पर विस्तृत विज्ञापन देखें:
www.ipgl.co.in
www.ipa.nic.in
www.sdclindia.com

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2025 है।

CBC 37220/12/0001/2526 प्रबंध निदेशक



कर्नाटक प्रदेश महिला कांग्रेस की सदस्य एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मंगलवार बेंगलूरु के भारत जोड़ो भवन में विरोध प्रदर्शन करती हुईं।

## मद्रास इंटरनेशल कार्टिंग एरेना भारत का पहला ग्रेड एक कार्टिंग सर्किट बना

चेन्नई। मद्रास इंटरनेशल कार्टिंग एरेना (एमआईकेए) को सीआईके-फिया ग्रेड एक प्रमाण मिला है जिससे यह सर्किट दुनिया के शीर्ष कार्टिंग सर्किट की सूची में शामिल हो गया है। श्रीपेरंबदूर स्थिति एमआईकेए भारत का पहला कार्टिंग सर्किट है जिसे ग्रेड एक प्रमाण पत्र मिला है। एमआईकेए का सर्किट 1.17 किमी लंबा है जो भारत का सबसे लंबा कार्टिंग ट्रैक है।

भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली में सदस्य (परियोजना) के पद को भरना।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय है और जिसे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य सौंपा गया है, में पे मैट्रिक्स के अनुसार लेवल 15 पर सदस्य (परियोजना) के एक पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या किसी स्वायत्त निकाय में योग्य अधिकारियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। योग्यता, पात्रता और सेवा के अन्य नियमों और शर्तों का विवरण इस मंत्रालय की वेबसाइट http://www.morth.nic.in और एनएचएआई की वेबसाइट http://www.nhai.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन, शाम 5.00 बजे तक होगी।

CBC 37101/11/0003/2526

